## बीडीएल ने युवा मामले एवं खेल मंत्रालय के साथ अनुबंध ज्ञापन प्रलेख पर हस्ताक्षर किए

भारत डायनामिक्स लिमिटेड, रक्षा सार्वजनिक उद्यम ने आज भारतीय खेल विकास निधि के तहत युवा मामले एवं खेल मंत्रालय के साथ 2.25 करोड़ सहयोग राशि प्रदान करने अनुबंध ज्ञापन प्रलेख पर हस्ताक्षर किये.



कंपनी ने नैगमिक सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत भारत में खेल-कूद को बढ़ावा देने तथा राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिताओं में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए अनुबंध ज्ञापन प्रलेख पर हस्ताक्षर किए.

इस अवसर पर बी डी एल के ओर से डॉ. एन के राजू, अधिशासी निदेशक (का. एवं प्रशा.), श्री एम नीलकण्टप्पा, महाप्रबंधक (वी एवं ई आर), श्री टी जगदीश्वर राव, महाप्रबंधक (वित्त), श्री सय्यद रफ़ी, अपर महाप्रबंधक (मा.सं.वि.) तथा श्री भट्टू श्रीनिवास, उप महाप्रबंधक (का एवं प्रशा तथा सी एस आर), युवा मामले एवं खेल मंत्रालय के प्रतिनिधि, श्री सागर प्रीत हुडा, आई पी एस उपस्थित रहे.